भारतीय खाद्य निगम द्वारा खाद्यान्नों की वसूली

1239. **श्री सुब्रह्मण्यन स्वामी :** क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय खाद्य निगम द्वारा संपूर्ण देश में लेवी खाद्यान्नों की वसूली की जाती है ;

(ख) यदि हां, तो खाद्यान्न की इस वसूली पर निगम द्वारा औसतन कितना वार्षिक खर्च किया जाता है ;

(ग) क्या सरकार का ध्यान योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री, श्री पी० शिवशंकर द्वारा दिए गए इस आशय के वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि आज वसूली मूल्यों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है ; और

(घ) यदि हां, तो निगम द्वारा इस दिशा में क्या कारगर कदम उठाये गए हैं ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) राज्य सरकारों के सांविधिक आदेशों के अधीन लेवी खाद्यान्नों की वसूली की जाती है। केन्द्रीय पूल में दिए गए लेवी खाद्यान्नों को भारतीय खाद्य निगम द्वारा ले लिया जाता है।

(ख) 1986–87, 1987–88 और 1988–89 के दौरान वसूल किए गए खाद्यान्नों पर 503 करोड़ रुपये का अनुमानित औसत वार्षिक खर्च हुआ है।

(ग) और (घ) स्थिति का पता लगाया जा रहा है।

Lahore programmes on Delhi Doordarshan

1240. SHRI A. G. KULKARNI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item which appeared in the 'Nav Bharat Times' dated the 17th March, 1988 to the effect that the Channel 7 of Delhi Doordarshan was seized at 7.00 O'clock in the evening and the programme relayed by Lahore T.V. centre was viewed in the Karol Bagh and Paharganj areas of the Capital; and

(b) whether any enquiry has since been conducted in this matter and if so, the outcomes thereof?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI H. K. L. BHAGAT): (a) The Government have seen the relevant news item.

(b) Yes, Sir. Preliminary enquiries show that this very unusual phenomenon was caused by an anomalous mode of propagation in particular atmospheric and weather conditions.

बीजों का उत्पादन

1241. **श्री रशीद मसूद :** क्या कृषि मंत्री 18 मार्च, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2423 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि लक्ष्य को प्राप्त करने के वास्ते किए गए विशेष उपायों का ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित उपाए किए गए हैं :—

(1) क्षेत्र-वार लक्ष्यों को अन्तिम रूप दिया गया है ;

(2) आधारी बीजों की समय पर सप्लाई के प्रबन्ध किए गए हैं ;

(3) ठेके पर बीज उगाने वालों के लिए लाभकारी अधिप्राप्ति मूल्य सुनिश्चित किए गए हैं ;

(4) अग्रिम भुगतान की दर बढ़ा दी गई है ; और